ISWP




Rishu Anand
S/O- Amit Kumar



Anant Raj
S/O - Amit Kumar



Spriha Sahu
D/O- Sovan Sahu



Saket
S/O- Shashi Kant Singh



Shruti Singh
D/O- Sunil kumar Singh

# तार समाचार

अप्रैल-जून 2019



The Indian Steel & Wire Products Limited
A Subsidiary of TATA Steel Limited







# प्रबंध निदेशक की कलम से

वित्तीय वर्ष FY20 के प्रथम तिमाही के तार समाचार की इस संस्करण द्वारा मैं अपने आई.एस.डब्ल्यू.पी परिवार के सभी सदस्यों को वित्तीय वर्ष FY20 की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और पूर्ण सहयोग की कामना करता हूँ ताकि हमने इस वित्तीय वर्ष के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं, उन्हें हम पूरा करते हुए नए रिकॉर्ड स्थापित करें।

वित्तीय वर्ष FY20 के लिए हमने जो अपना वार्षिक विजनेस प्लान बनाया है उसे शत प्रतिशत हासिल करना है। ''संकल्प 22'' के तहत हमें नए चुनौतियों का सामना कर बचत और उत्पादन को बढ़ाना है ताकि हम अपने लक्ष्य से अधिक मुनाफा कमा सके।

इस वर्ष हमने "TPM consistency" अवॉर्ड को चुनौती देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। नए प्रोजेक्ट में विद्युत विस्तारीकरण के कार्य को समय पर पूर्ण कर नए विजनेस विस्तारीकरण के लिए नींव तैयार करनी है।

सुरक्षा एवं स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोपरि है। कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमने प्रत्येक घटना को गंभीरता से लेने का सुझाव तथा जिम्मेदारी सुनिश्चित कर, कड़ी कार्यवाही का दिशा निर्देश भी दिया है। सभी कर्मचारियों से निवेदन है की वे भी सुरक्षा के विषय को गंभीरता से लें और ''कार्य में सावधानी'' के नारे को हमेशा याद रखें।

वर्षा ऋतु आरम्भ हो चुकी है, हमें घर एवं कार्यस्थल के आसपास स्वच्छता बनाये रखना है ताकि गंभीर बीमारी से बचा जा सके।

इस वित्तीय वर्ष में ISWP सफलता की नई ऊचाइयों को छुए, हमारे कर्मचारी, समाज और देश खुशहाल हो ऐसी मैं कामना करता हूँ।

शुभेच्छाओं के साथ

Neeraj Rani

# सुझाव योजना

सुझाव योजना वह माध्यम है जिसमें कर्मचारी अपने सुझाव से कार्यक्षेत्र को बेहतर बनाने का प्रयास एवं नये विचारों को व्यक्त करते है। कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए प्रत्येक त्रैमास अत्यधिक सुझाव देने वाले कर्मचारियों को टॉप सजेस्टर घोषित किया जाता है। विगत वर्ष के चतुर्थ त्रैमास में अत्यधिक सुझाव देने वाले कर्मचारियों अमरेंद्र कुमार सिंह, सौरव गुप्ता, निरंजन सिंह, गुंचा आजिम, पी.अनीता एवं अनिल कुमार को प्रबंध निदेशक द्वारा सम्मानित किया गया था।



मार्च एवं अप्रैल माह में सुजीत कुमार दास, चन्दन कुमार, सुभाशीष भट्टाचार्जी, रविकांत रंजन, हरबिंदर सिंह संधू को प्रबंध निदेशक द्वारा बेस्ट सजेसन रिवॉर्ड से पुरस्कृत किया गया। आगामी त्रैमासिक से गुणवत्ता सुझाव के आधार पर अत्यधिक स्वीकृत सुझाव देने वाले सुझावकर्ता को सम्मानित किया जायेगा।



# नॉलेज मैनेजमेंट

''नॉलेज मैनेजमेंट'' पोर्टल जानकारी को सभी के साथ शेयर करने का सबसे उत्तम माध्यम है। प्रत्येक त्रैमास में अत्यधिक नॉलेज शेयर करने वाले विभाग को के.एम. चौंपियन घोषित किया जाता है। विगत वर्ष के चतुर्थ त्रैमासिक में वायर मिल टीम ने अत्याधिक नॉलेज पीस (3635) देकर के.एम. चौंपियन बनी।

FY'19 चतुर्थ त्रैमासिक में जयप्रकाश शर्मा को के.एम. कंट्रिब्युटर्स घोषित किया गया जिन्होंने 20 नॉलेज पीस के.एम. पोर्टल में साझा किया।

वित्तीय वर्ष 2019 में श्री रवि कांत रंजन 118 एवं रतिकांत उपाध्याय 93 नॉलेज पीस साझा करने के उपलक्ष्य में FY'19 के टॉप के.एम. कंट्रिब्युटर्स घोषित किये गए।



जयप्रकाश शर्मा



रवि कांत रंजन



रतिकांत उपाध्याय



के.एम. चैंपियन - वायर मिल टीम

# टी.क्यू.एम् सम्बन्धी गतिविधियाँ

## संवाद

संगठन के विकास एवं प्रगति के लिए प्रभावी संवाद महत्वपूर्ण है। यूनियन एवं मैनेजमेंट के बीच संपर्क में पारदर्शिता को कायम रखते हुए TQM विभाग द्वारा संवाद संस्करण -4 का आयोजन 19 अप्रैल 2019 को किया गया। इसमें प्रबंधन एवं यूनियन के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक श्री नीरज कांत ने यूनियन एवं मैनेजमेंट के बीच के तालमेल को बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री प्रकाश सिंह (चीफ कैपबिलिटी, टाटा स्टील लिमिटेड) ने भाषण की शुरुआत त्रिदेव की कथा के साथ की जिसमें क्षमता पर ध्यान देने, समाज के प्रति जिम्मेदारियों, संगठन के विकास के लिए गहन विचार और अनुकूलनशीलता का महत्व को विस्तारपूर्वक समझाया। उच्च अधिकारीयों ने विगत वर्षो के प्रदर्शन, उपलब्धियों और भावी चुनौतियों के बारे में बताया। यूनियन अध्यक्ष श्री राकेश्वर पांडेय ने अपना वक्तव्य दिया की यदि हमारे भीतर क्षमता, दान, दया भाव हो तो कंपनी भी आगे की ओर बढ़ेगी। कार्यक्रम के अंत में CHRO श्रीमती शिल्पी शिवांगी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया ।














# टी.पी.एम् की गतिविधियां

ISWP में किये जा रहे टी.पी.एम् गतिविधियों के आकलन के लिए TPM सलाहकार श्री सुरजीत देब ने अप्रैल माह में तीन दिवसीय दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रॉड मिल, वायर मिल और जेम्को बाइंडिंग वायर प्लांट का दौरा किया और जीशु होजन के कार्यो को बारीकी से आकलन किया और इन्हे और मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश दिया। रॉड मिल एवं वायर मिल में काइजन गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। PM पिलर के टीम को ब्रेकडाउन कम करने के लिए दिशा निर्देश दिये। TPM के सभी दस स्तम्भों पर चर्चा हुई और तेज गति से कार्य करने की जरुरत पर बल दिया। प्रबंध निदेशक की उपस्थिति में श्री देब ने प्रशासनिक विभागों का दौरा किया और OTPM के अंतर्गत हो रहे सुधारों को देखा। OTPM के पीलर हेड और उपाध्यक्ष फाइनांस एवं एकाउंट्स, श्री उमानाथ मिश्रा ने OTPM के तहत रिकॉर्ड रूम के सुधार के लिए चल रही गतिविधियों की साझा किया। श्री देब ने फीडबैक के दौरान ''TPM सेन्स'' के बारे में विस्तार से चर्चा की और ट्रेनिंग पर फोकस देने को महत्वपूर्ण बताया।

31 मई 2019 को TPM सलाहकार श्री सुरजीत देव ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडवांस वाई-वाई, प्रोसेसिंग पॉइंट, माकीगामी, एस.सेम.ई.डी. विश्लेषण के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 30 -40 अधिकारीयों ने लाभ उठाया।





# रक्त दान शिविर




### *रक्त दान है जरुरतमंद के लिए जीवन दान*

रक्तदान मानव जाति के लिए सबसे महत्वपूर्ण सेवा है। रक्त का दान जीवन का उपहार समान है। आई.एस.डब्ल्यू.पी. हॉस्पिटल में 24 अप्रैल 2019 को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमे 92 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।



# खेल कूद

**शतरंज चैंपियनशिप :** 16 मई 2019 को आई.एस.डब्ल्यू.पी DB2 में चेस (शतरंज) चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए वरुण शर्मा प्रथम (इलेक्ट्रिकल) संतोष पांडेय द्वितीय (कमर्सिअल), एवं सौरव कुमार (इलेक्ट्रिकल) तीसरे स्थान पर रहे। सांत्वना पुरस्कार के लिए मंजीत सिंह,एकता श्रीनेत ,सोनी गुप्ता व सोनी शर्मा को चयन किया गया।

**कैरम चैंपियनशिप :** 12 -13 जून 2019 में आई.एस.डब्ल्यू.पी DB 2 में खेल विभाग द्वारा पुरुष कर्मचारियों के लिए कैरम चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में करन कुमार (रॉड मिल) प्रथम, बिश्वजीत तिवारी (एच.आर) द्वितीय,एवं अभिजीत मुखर्जी (रॉड मिल) तृतीय रहे एवं सांत्वना पुरष्कार के लिए जयंत कुमार को चयनित किया गया।

14 जून 2019 को माहिला कर्मचारियों के लिए कैरम चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था । इस प्रितियोगिता में प्रथम श्रीधरा गोस्वामी (वायर मिल), द्वितीय किरनदीप कौर (एकाउंट्स), एवं तृतीय सुजाता मित्रा (टी.क्यू.एम) को घोषित किया गया एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए रेनी डे, महामाया दत्ता, एकता श्रीनेत को चयन किया गया।







# उड़ान टीम की गतिविधियां

## मतदान जागरूकता

मतदान एक मात्र ऐसा माध्यम है जिससे देश की जनता स्वयं अपने देश का विकास निर्धारित कर सकती है। आई.एस.डब्ल्यू.पी. की उड़ान टीम द्वारा कंपनी के समीप बस्तियों के लोगों को वोटिंग के महत्व से अवगत कराया और उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक किया।





## अंतराष्ट्रीय योग दिवस

21 जून 2019 को आई.एस.डब्ल्यू.पी ऑफिसर हेल्थ क्लब में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक श्री प्रशांत अधिकारी द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिवार को प्रशिक्षित किया गया। श्री अधिकारी ने स्वामी निश्चलानंदा से योग कौशल की शिक्षा प्राप्त की है। कार्यक्रम के मुख्य आतिथि श्री नीरज कांत में इस मौके पर उपस्थित सभी ISWP परिवार के सदस्यों को योग दिवस की मुबारकबाद एवं शुभकामनाएं दी तथा योग के महत्व एवं स्वस्थ जीवन के लिए इसकी जरुरत को समझाया ।








# सी.एस.आर गतिविधियां

## Tata Affirmative Action Programme 2019

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका में आई. एस. डब्ल्यू. पी. के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को टैप एसेसमेंट टीम ने शिक्षा के क्षेत्र में ''बेस्ट प्रैक्टिसेज अवार्ड'' के लिए चुना है। आई. एस. डब्ल्यू. पी. के द्वारा यहाँ किए जा रहे कार्यो को अब बाकी विद्यालय भी लागू करने का प्रयास कर रहे हैं यही वजह है, इसे बेस्ट प्रैक्टिसेज का अवार्ड दिया गया है। यह प्रयास अनूठा है और एक उदाहरण है। टीम आई. एस.डब्ल्यू.पी. को इस पुरस्कार के लिए बधाई।



## वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप टीम में आई.एस.डब्ल्यू.पी. के तीरंदाज

कमोलीका बारी और लक्ष्मी हेंब्रम ने तीरंदाजी के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कमोलीका बारी ने तीरंदाजी के क्षेत्र में अपने प्रशिक्षण की शुरुआत 11 साल की उम्र में आई.एस.डब्ल्यू.पी स्पोर्ट्स कंपलेक्स से शुरू की थी। इसके बाद 2016 में उनका चयन टाटा आर्चरी में हुआ और अब उनका चयन वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में हुआ है।

इसी टीम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका की लक्ष्मी हेंब्रम का भी चयन हुआ है। लक्ष्मी हेंब्रम ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पोटका में आई. एस. डब्ल्यू. पी द्वारा चलाए जा रहे तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र से अपने तीरंदाजी खेल जीवन की शुरुआत की थी। लक्ष्मी का चयन भी स्पेन में अगस्त महीने में होने वाली वर्ल्ड यूथ चैंपियनशिप टीम में हुआ है। इन दोनों तीरंदजों ने भारतीय टीम में जगह बन कर आई एस. डब्ल्यू. पी. का भी सर ऊँचा किया है। कंपनी की तरफ से दोनों तीरंदाजों को हार्दिक शुभकामनाएं।





## फुटबॉल टूर्नामेंट

23 जून को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स द्वारा एक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें टाटा स्पोर्ट्स कंपलेक्स द्वारा चलाए जा रहे 16 ट्रेनिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस खिताब की विजेता रही आई. एस. डब्ल्यू. पी. स्पोर्ट्स कंपलेक्स की टीम। आई. एस. डब्ल्यू. पी स्पोर्ट्स कंपलेक्स के प्रशिक्षक और विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई।



## दलित इंडियन चेंबर के साथ व्यवसायिक सम्बन्ध

29 मई को दलित इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक दल द्वारा आई. एस. डब्ल्यू. पी का भ्रमण किया गया। इसका उद्देश्य था यहां की गतिविधियों, उत्पादों एवं उत्पादन की प्रक्रिया से अवगत कराना ताकि भविष्य में चैम्बर के सदस्य कंपनी के साथ व्यावसायिक संबंध स्थापित कर सके।

इस दल में लगभग 20 लोगों ने हिस्सा लिया। जमशेदपुर के अलावा धनबाद, रांची, बोकारो एवं अन्य जिलों के व्यवसायियों ने भी हिस्सा लिया।



## आई एस डब्लू पी में समर कैम्प का आयोजन

13 मई से 30 मई तक आई. एस. डब्ल्यू. पी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग 180 बच्चों ने हिस्सा लिया। कैंप में तीरंदाजी और बास्केटबॉल का प्रशिक्षण दिया गया। समर कैंप का समापन 30 जून को हुआ जिसमें बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।



# पर्यावरण माह

5 जून को आई.एस.डब्ल्यू.पी ऑडिटोरियम में विश्व पर्यावरण दिवस के शपथ समारोह में कार्यक्रम के मुख्य आतिथि श्री उमानाथ मिश्रा (उपाध्यक्ष) ने उपस्थित कर्मचारियों, अधिकारियों को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की शपथ दिलाई। इसमें यूनियन के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस वर्ष का थीम **"Beat Air Pollution"** है। वायु प्रदूषण वर्तमान समय पूरे विश्व में विशेषरुप से औद्योगिकीकरण के कारण बड़े शहरों में सबसे बड़ी समस्या है। कार्यक्रम के अंत में **ISWP** यूनियन के महासचिव श्री पंकज सिंह ने धन्यबाद ज्ञापन दिया।

सम्पूर्ण माह में वृक्षारोपण एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे स्लोगन, क्विज प्रतियोगिता, कर्मचारी वार्ड के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता,पोटका एवं निकट के स्कूलों में बच्चों को वायु प्रदुषण एवं उससे बचाव की जानकारी दी गई।







# पर्यावरण माह के विजेताओं की सूची निम्नलिखित है :

| स.न | | नाम | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| **क्विज प्रतियोगिता** | | | |
| 1 | रॉड मिल | राम रतन राय | प्रथम |
| 2 | | दीपक रवि दास | द्वितीय |
| 3 | | फकरुद्दीन अली अहमद खान | तृतीय |
| | | | |
| 1 | वायर मिल | देवाशीष सेनगुप्ता | प्रथम |
| 2 | | रोबनजीत सिंह | द्वितीय |
| 3 | | बिकाश चंद्र नायक | तृतीय |
| | | | |
| 1 | जेम्को | जॉय प्रमाणिक | प्रथम |
| 2 | | संजीव कुमार | द्वितीय |
| 3 | | श्याम कुमार | तृतीय |
| | | | |
| 1 | जनरल सर्विस | ए.के.तिवारी | प्रथम |
| 2 | | जगजीत कौर | द्वितीय |
| 3 | | सुजाता मित्रा | तृतीय |
| 4 | | वी.के..ओझा | तृतीय |
| | | | |
| 1 | कांट्रेक्टर कर्मचारी JEMCO | जनमय जेठी | प्रथम |
| 2 | | चित्तरंजन महतो | द्वितीय |
| 3 | | संजीत प्रसाद | तृतीय |
| | | | |
| 1 | कांट्रेक्टर कर्मचारी ISWP | सूरज कुमार | प्रथम |
| 2 | | रितेश कुमार | द्वितीय |
| 3 | | तपश बेरा | द्वितीय |
| 4 | | जगदीश महतो | तृतीय |
| | | | |
| 1 | ऑफिसर क्विज | चन्दन कुमार | प्रथम |
| 2 | | ओम प्रकाश यादव | प्रथम |
| 3 | | नरेश पाल चौधरी | प्रथम |
| 4 | | सत्यम झा | प्रथम |
| 5 | | अमरवीर सिंह | प्रथम |
| 6 | | वैभव सिंह | प्रथम |
| 7 | | नीरज प्रधान | प्रथम |
| 8 | | सांतनु घोष | प्रथम |
| 9 | | भारत पासवान | द्वितीय |
| 10 | | पंकज सिंह | द्वितीय |
| 11 | | त्रिपुरारी शंकर | द्वितीय |
| 12 | | एकता सिंह श्रीनेत | तृतीय |
| 13 | | सोनम प्रसाद | तृतीय |
| 14 | | रीना कुमारी | तृतीय |
| 15 | | रतीश नागलुगुमा | तृतीय |
| **स्लोगन विजेता** | | | |
| 1 | | महामाया दत्ता | प्रथम |
| 2 | | सुजाता मित्रा | द्वितीय |
| 3 | | सुनील कुमार सिंह | तृतीय |
| 4 | | शम्पा डे | चतुर्थ |



# बरसात के मौसम में ड्राइविंग सेफ्टी टिप्स



- पहला और सबसे महत्वपूर्ण, गति को धीमा रखें! बरसात के मौसम में वाहन को नियंत्रण करने में अधिक समय लगता है।
- बाहरी गलियों में पानी का जमाव होता है इसलिए मध्य गलियों का प्रयोग करें।
- बड़े ट्रकों या बसों से दूरी बनाये रखें। उनके टायरों के छीटें आपकी दृष्टि को बाधित करते हैं।
- अधिक सतर्क रहें। आपके सामने ब्रेक लाइट पर ध्यान रखें।
- हल्की बारिश में, धुँधली या बादाल से घिरे हुए परिस्थितियों में भी अपने हेडलाइट को चालू रखें।
- पुराने या खराब वाइपर बदलें।
- ऑफ–रोड ड्राइविंग से बचें।
- दृश्यता की सीमाओं से परे कभी भी ड्राइव न करें।
- अगर आप जमीन को नहीं देख सकते हैं तो सड़क पर बहते हुये पानी पर ड्राइव न करें।
- अनिश्चित गहराई के कीचड़ से गुजरते समय, धीमी गति से चलें।
- यदि संभव हो, तो तेज आंधी के दौरान सड़क से दूर रहें।
- हमेशा वेदर पेज/रेडियो चैनल/न्यूज बुलेटिन के संपर्क में रहें।

**इससे पहले कि आप चलें!**

- सुनिश्चित करें कि आपके वाहन के पुर्जे/सामान काम करने की अवस्था में हैं।
- सुनिश्चित करें कि आपके पास अपने ईंधन टैंक में पर्याप्त ईंधन है।

